सार-समाचार

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक

रतनगढ़ (निसं)। विगत गुरुवार को सांयकाल स्थानीय निजी शिक्षण संस्थान में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. कल्याणसिंह चारण की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में आगामी सदस्यता अभियान पर चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलीप स्वामी मनु ने बताया कि तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन होना है जिसमें सदस्यता अभियान चलाया जाना है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की प्रत्येक शाखा इकाई के लिए सदस्यों की न्यूनतम संख्या पच्चीस होना आवश्यक होता है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष वासुदेव चाकलान ने कहा कि, साहित्य परिषद द्वारा किए जाने वाले साहित्यिक आयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना अति आवश्यक है क्योंकि रतनगढ़ साहित्य की उर्वरा धरती रही है और यहां के साहित्यकारों का राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना नाम रहा है। बैठक में आगामी उन्नतीस जुलाई मंगलवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन करने एवं प्रांत स्तर पर कविता पाठ में प्रथम द्वितीय तृतीय रही बालिकाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में युवा कवि मनोज चारण, रामचंद्र पारीक, सत्यनारायण टेलर, रेणु पारीक, भानुप्रिया शर्मा, लक्ष्य पारीक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रुद्राभिषेक कर भोले को रिझाया

चूरु (निसं)। रेलवे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार को महिला मंडल की और से सावन मास के महिने में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया मंदिर के कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में जसवंत सिंह राठौड ने पत्नी सुमन कंवर व अरविंद कुमार दर्जी ने पत्नी कृष्णा देवी के साथ पूजा अर्चना की। पंडितों ने मंत्रौचार के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई। रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि रुद्राभिषेक करने से भोले प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस अवसर पर शिवलिंग का भव्य श्रृंगार किया गया और महाआरती की गई। इस अवसर पर महिला मंडल की शशि शर्मा, सुषमा शर्मा, रजनी शर्मा, सुनीता शर्मा, तीजा देवी, स्वर्ण कुमारी, मैना कंवर, नीलम जैन, आरती, अनिता भार्गव, अनीता मेड़तिया, प्रियंका सोनी, कोमल सांखला, माधुरी, प्रतिभा सोनी, प्रेम भार्गव, राजकुमार भाटी, मंजू शर्मा, हनुमान मंदिर विकास समिति के संतलाल बरोड, राजीव, रूक्मानंद बरोड, हरिकृष्ण रवि, मोहन सिंह, नंदकिशोर, विक्रम सिंह सांखला, परमानंद, मुकेश मीना, महेश, श्रवण कुमार सैनी, अनिल भार्गव, राजेश गौतम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री संजय शर्मा आज सीकर आएंगे

सीकर, (निसं)। वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा 24 जुलाई गुरूवार को सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री शर्मा जयपुर से प्रातः 11.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा श्री कृष्णा फोरव्हील्स प्राइवेट लिमिटेड सर्किट हाउस के पास जयपुर रोड सीकर द्वारा आयोजित टाटा हैरियर ईवी कार के लॉन्चिंग कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रभारी मंत्री संजय शर्मा अपराह्न 3.15 बजे राज्य सरकार के 1.5 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार एवं राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों, विभिन्न विभाग द्वारा अर्जित विशेष उपलब्धियों, संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जिलाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक में भाग लेंगे। प्रभारी मंत्री संजय शर्मा सीकर से सायं 6 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

राम वनवास व केवट मिलन प्रसंग सुनाया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में पांडे शिवालय के सत्संग भवन में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को राम वनवास व केवट मिलन प्रसंगों को सुनाया गया। कथा में कथावाचक तुलसीराम पाण्डे ने श्रीराम कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीरामकथा हमें सन्मार्ग पर चलना सिखाती है। कथा व्यास ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को इस मौके पर प्रतिदिन श्रीरामचरितमानस का पाठ करने का आग्रह किया। तुलसीराम पाण्डे ने कहा कि श्रीरामचरितमानस स्वाध्याय से मनुष्य सभी सांसारिक दुखों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामकथा और श्रीराम का जीवन अनुकरणीय है, श्री राम उच्चतम प्रतिमान और वैदिक हिंदू धर्म संस्कृत के प्राण हैं। श्रीराम परम धर्म है, भगवान प्रभु श्रीराम के पावन चरित्र में समस्त उच्चताएं, दिव्यताएं एवं श्रेष्ठताएं समाहित है। इस अवसर पर यजमान प्रमोद नाई सपत्नीक , रमेश पाण्डे , बजरंग भाटिया, पवन शर्मा, पुजारी धनपत शर्मा, नोरतन नाई सहित श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

'भगवान की आराधना के लिए समय निकालना चाहिए'

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ में चूरू रोड पर स्थित गोपाल वाटिका में स्वर्गीय पंकज महर्षि की स्मृति में चल रही भागवत कथा समापन शुक्रवार को हुआ। कथा में कथा वाचक भारत भूषण महाराज ने सुदामा चरित्र प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। ओर भागवत का सम्पूर्ण ज्ञान कराया। आरम्भ में मुख्य यजमान शिवप्रसाद महर्षि दम्पत्ति ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। इसी के साथ ही कथा स्थल पर प्रतिदिन रात को रासलीला का मंचन का किया जा रहा है। जिसमे व्रन्दावन की श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान के निदेशक स्वामी कन्हैया लाल दत्तात्रेय के निर्देशन में रासलीला मंडली की ओर से रासलीला का मंचन किया जा रहा है। कथा में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, रमेशचंद्र इंदौरिया, जयप्रकाश तामडायत, मनोज जोशी, श्री गोपाल महर्षि, वासुदेव चाकलान, निर्मल शर्मा, विष्णु धरड, धीरेंद्र शर्मा, पवन, शशिकुमार गोड़, भीमराज प्रजापत, प्रभात चाकलान, राजेंद्र सिंह बीदावत, एडवोकेट संजय कटारिया, नागेश महर्षि सहित सैकड़ों श्रदालु मौजूद थे।

विद्यालय में पौधे व गमले भेंट किए

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय पी एम श्री श्रीमती भगवान देवी भुवालका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ में आज हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में विद्यालय में कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जगदीश सोनी के आर्थिक सौजन्य से गमले सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर संस्था प्रधान गोपाल कंवर ने जगदीश सोनी का धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्राओं को पौधों की सर संभाल की जिम्मेदारी देते हुए उनको अपने आस पास के स्थानों पर भी पेड लगा कर नियमित रूप से देखभाल करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर समाजसेवी प्राचार्या महेंद्र डूडी, विद्यालय के संस्था प्रधान गोपाल कंवर, उप प्राचार्य नीतू वर्मा, सीमा शर्मा, हरिराम मेघवाल, कोमल दीक्षित, पूनम कुमारी, जगदीश प्रसाद शर्मा, सुशीला देवी, निर्मला जाट, उषा शर्मा, मुनकेश, अनिल जांगिड़, बिमला देवी सहित विद्यालय विकास समिति के सदस्य और छात्राएं उपस्थित रहे।

बेटी जन्म पर पौधारोपण किया

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के हाउसिंग बोर्ड निवासी जिला शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार ढाका ने अपने घर में करीब 25 साल बाद बेटी जन्म लेने पर पौधारोपण किया। मनोज कुमार ढाका ने अपने बेटे विपिन व पुत्रवधू शिखा के पुत्री होने पर दीनदयाल नगर स्थित फॉर्म हाउस पर करीब 101 वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पौत्री के रूप में बेटी जन्म लेने से परिवार में बड़ी खुशी का माहौल है। इस खुशी के अवसर पर परिजनों ने अशोक व विभिन्न फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक बलबीर सिंह सहारण, शारदा देवी, आशा देवी, अनीता, नवीन कुमार ढाका, राजबाला ढाका, दिनेश, कमला, डिंपल इत्यादि ने मिलकर सामूहिक रूप से पौधारोपण किया।

राजा मुराद निर्विरोध अध्यक्ष बने

रतनगढ़ (निसं)। कस्बे के वार्ड नं. 25 मदार कॉलोनी स्थित हजरत मोहम्मद अलीशाह बाबा के निवास तकिया में सभी काजी कौम की अहम बैठक आयोजित की गई जिसमें काजी कौम के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से एडवोकेट राजा मुराद अल्वी को काजी कौम का निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर इरफान काजी (बबलू) समाज के सभी बुजुर्गों एवं युवा ने अल्वी का मुंह मीठा कराकर माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक 28 जुलाई को

सीकर (निसं)। मुख्य आयोजना अधिकारी सीकर अंजली सैनी ने बताया कि बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत माह जून 2025 तक अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 28 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

यू.डी.एच.मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जनसुनवाई की

सीकर (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान भारणी आवास पर आमजन की जनसुनवाई की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने मंत्री को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। राज्य मंत्री खर्रा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए मौके पर ही मौजूद ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

■ **क्षेत्रवासियों ने मंत्री को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया**

राज्य मंत्री खर्रा ने प्रत्येक फरियादी की बात को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की, जिसमें विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में पेयजल, सड़क, बिजली, अतिक्रमण, चिकित्सा सुविधा और राजस्व से जुडी समस्याएं प्रमुख रही। जनसुनवाई में एसडीएम अनिल कुमार, तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा सहित पीएचईडी, बिजली, शिक्षा, राजस्व, चिकित्सा, नगर पालिका, पुलिस विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कॅरिअर मार्गदर्शन पर क्षमता संवर्धन की कार्यशाला हुई

झुंझुनूं, (निसं)। नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को विद्यालय स्तर तक प्रभावी रूप से लागू करने और विद्यार्थियों के समग्र विकास में शिक्षकों की भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में तीन दिवसीय कॅरिअर मार्गदर्शन आधारित क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की प्रभारी मोना वर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। साथ ही डाइट के पेस्ट प्रभाग के छात्रध्यापकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। साथ ही कहा की आज का शिक्षक केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में दिशा देने वाला उत्प्रेरक है। हमें उन्हें सिर्फ परीक्षा की तैयारी नहीं करानी, बल्कि जीवन की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देना है। डाइट प्राचार्या सुमित्रा झाझड़िया ने सभी संभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को नवाचारों के प्रति संवेदनशील बनाती हैं और उन्हें अपने विद्यालयों में लागू करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने डाइट रिसोर्स सेंटर की परिकल्पना को साझा करते हुए कहा कि यह केंद्र शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय को जोडने वाली एक महत्त्वपूर्ण शैक्षिक पहल है। जिसे नई शिक्षा नीति के धरातलीकरण के लिए सुदृढ़ रूप में विकसित किया जा रहा है।

पेस्ट प्रभागाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कॅरिअर मार्गदर्शन, जीवन कौशल, सामाजिक-भावनात्मक व नैतिक शिक्षण तथा परियोजना आधारित शिक्षण की विधाओं से परिचित कराया गया। प्रशिक्षकों ने यह स्पष्ट किया कि कक्षा छह से ही विद्यार्थियों में व्यावसायिक समझ, निर्णय लेने की क्षमता और रुचि आधारित विषय चयन की प्रवृत्ति विकसित करना आवश्यक है।

डब्ल्यूई प्रभागध्यक्ष अजय प्रेमी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान डायल फ्यूचर कार्यक्रम, करियर वर्कबुक, जॉब कार्ड और करियर बुकलेट जैसे नवाचारों के माध्यम से शिक्षकों को बताया गया कि वे स्थानीय परिवेश को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को संभावित कॅरिअर विकल्पों की जानकारी किस प्रकार दे सकते हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि कैसे अनुभव आधारित सीखने के माध्यम से विद्यार्थी नेतृत्व, संवाद, योजना निर्माण और आत्मनिर्भरता जैसे कौशलों का विकास कर सकते हैं। कार्यशाला के समापन पर डाइट प्राचार्या के नेतृत्व में एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में किचन गार्डन व मेरा सोलर गांव नामक परियोजनाओं का जिला स्तरीय विमोचन किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में स्थानीय संदर्भ में वैश्विक कौशलों को उजागर करने का प्रयास किया जा सके। साथ ही साथ उनमे वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गणितीय साक्षरता एवं भाषा के ज्ञान को सीखने के अवसर अनुभवात्मक ढंग से प्रदान किये जा सके। कार्यशाला के समापन समारोह में गजेन्द्र कुमार, शिल्पा, संगीता झाझडिया, आरपी सुरेन्द्र यादव एवं पिरामल फाउंडेशन से अशगाल सदस्य उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में कॅरिअर मार्गदर्शन आधारित क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शपथ दिलाई:-हरियालो कार्यक्रम तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत झुंझुनूं की नेतराम मघराज टीबड़ेवाल गर्ल्स कॉलेज में पौधारोपण किया।

बेदखली आम सूचना

मनके लीलाधर शर्मा उम्र 65 साल पुत्र प्रभूदयाल जाति ब्राहमण निवासी वार्ड नं. 17, दमामियों की ढाणी, कस्बा राजगढ तहसील राजगढ जिला चूरू का हूं जो कि सभी को आम सूचना दे रहा हूं कि :- 1. यह कि प्रेमचन्द शर्मा पुत्र लीलाधर शर्मा मेरा पुत्र है व उसकी पत्नी नीलम पत्नी प्रेमचन्द शर्मा मेरी पुत्रवधु है। मेरी पुत्रवधु व मेरा पुत्र दोनों ही मेरी पुत्रवधु के पीहरवालों के अनुचित प्रभाव में है। मेरा पुत्र व पुत्रवधु पिछले 01 वर्ष से मेरे साथ आए दिन व मेरे परिजनों के साथ बात बेबात झगड़ा करते रहते हैं। वे दोनों ना ही मेरे कहने सुनने में है ना ही मेरी कोई बात मानते हैं। मेरा पुत्र मेरी पुत्रवधु की हर प्रकार की जायज नाजायज ख्वाहिश पूरी करने के लिये दबाव डालता है और पीहर वालों के प्रभाव में आकर हमें झूठे मुकदमें करने और हमें व स्वंय को अहित कारित करने की धमकियां देती है। आज मैं लिखित तौर पर मेरे पुत्र व पुत्रवधु को मेरी चल व अचल समस्त सम्पति से बेदखल करता हूं व मेरा व मेरे परिवार से रिश्ता हमेशा के लिए तोड़ता हूं। भविष्य में मेरी चल अचल सम्पति में इनका कोई हक व हिस्सा नहीं होगा न ही मेरे पुत्र व पुत्रवधु द्वारा किए गए लेन देन के लिए व किसी प्रकार के मुकदमें के लिये मैं व मेरे परिवार के सदस्य जिम्मेदार नहीं होगे। आज के बाद मैंने मेरे पुत्र व पुत्रवधु को हमेशा के लिए मेरी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। सूचित रहे। दिनांकः 24.07.2025

प्रार्थी / सूचनाकर्ता - लीलधर शर्मा

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 18.08.2025 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **निविदा संख्या:** 08-2025-GSU-BKN, **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के एचएमईएल साइडिंग के सुचारू आवागमन के लिए रतनगढ़ कनकवाल यार्ड में यातायात सुविधाओं के विस्तार के प्रावधान के संबंध में ट्रैक कार्य, **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 11574311.00, **बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये):** Rs. 207900.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** बोली शुरू होने की तारीख 04.08.2025 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 18.08.2025 को15:00 बजे तक । **नोटः अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in. पर देखी जा सकती है।** 922-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

मूर्ति अनावरण समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया

पाटन (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मावण्डा कलां के ढाणी कुण्डली तन जाटाला में 28 जुलाई सोमवार को आयोजित होने जा रहे शहीद दाताराम सैनी की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों का आज विधायक सुरेश मोदी ने निरीक्षण किया। समारोह स्थल पर पहुंचकर उन्होंने आयोजन की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों व आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति इस आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान करेगी। शहीद दाताराम सैनी को समाजसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान का प्रतीक बताया।

झुंझुनू में महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर डॉ. एसके भार्गव के सौजन्य से एक जरूरतमंद परिवार को पानी का टंकी भेंट की गई। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, डॉ. एसके भार्गव, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, सुमेरसिंह कर्णावत, सुभाषचंद्र जोशी, अकराज कुरैशी, जयप्रकाश शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि, डॉ. अनिल अग्रवाल, अशोक कुमार शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, सीताराम सैनी एवं काफी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यालय उपकोषाधिकारी राजगढ जिला चूरू

क्रमांकः-166 दिनांकः-24/07/2025

खुली नीलामी बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में उपलब्ध अनुपयोगी / अप्रचलित / नकारा घोषित सामान, उपकरणों आदि जिनका कुल पुस्तक मूल्य रू. 126068.01 /- मात्र है, को दिनांक 04.08.2025 समय सुबह 11:00 बजे से खुली नीलामी बोली द्वारा निस्तारित किया जाना है। इस हेतु इच्छुक बोलीदाता कार्यालय में आवेदन-पत्र जमा कर नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। अन्य शर्तें किसी भी कार्यालय कार्य दिवस/ समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

(नरेश कुमार शर्मा)
उपकोषाधिकारी
राजगढ (चूरू) कोड 20522

राजस्थान सरकार

कार्यालय नगरपरिषद सरदारशहर (जिला चूरू)

तहसील परिसर, गाँधी चौक के पास सरदारशहर 331403

Email: conpsdr@gmail.com

क्रमांक-न.पा.स./2025-26/भूमि/विज्ञप्ति/204 दिनांक-23.07.2025

सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में निम्नांकित व्यक्तियों के द्वारा कृषि भूमि से वाणिज्यिक नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम व पता	खसरा नं.	क्षेत्रफल	भूमि का स्थान
1	श्रीमती भगवती देवी पत्नी मधुसुदन राजपुरोहित जाति राजपुरोहित निवासी आदर्श कॉलोनी वार्ड नं.18 सरदारशहर	285/2 पुराना 607/508 नया	3833.00 वर्गफुट	बीकानेर रोड के पास सरदारशहर
2	श्रीमती रतनी देवी पत्नि मांगीलाल ब्राह्मण	285/2 पुराना 607/508 नया	3733.33 वर्गफुट	बीकानेर रोड के पास सरदारशहर

सरदारशहर मास्टर प्लान LAND USE PLAN 2036 के अनुसार उक्त भूखण्ड MIX LAND USE श्रेणी के अन्तर्गत प्रावधानित है तथा मास्टर प्लान के अनुसार भूखण्ड क सामने 150 फीट सडक मार्गाधिकार रखा गया है, सडक के मध्य से 75 फीट सडक का मार्गाधिकार रखा जाना आवश्यक होगा, उक्त खसरा की 90-बी की कार्यवाही होकर नगरपरिषद सरदारशहर के नाम इन्द्राज हो चुकी है अत उक्त नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाण 07 दिवस मे कार्यालय मे प्रस्तुत करें अन्यथा बाद अवधि प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।

आयुक्त, नगरपरिषद-सरदारशहर

मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया

सीकर (निसं)। पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय जयपुर-सीकर द्वारा शुक्रवार को किसान भवन कृषि उपज मंडी जयपुर रोड सीकर में मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंचल प्रबंधक राजेश भौमिक, मंडल प्रमुख सुधांशु भूषण, विकास सिहाग जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक, उप मंडल प्रमुख विमल कुमार शर्मा, एमसीसी प्रमुख प्रशांत वर्धन एवं पीएलपी प्रमुख दाताराम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

मंडल प्रमुख सुधांशु भूषण ने उपस्थित सभी ग्राहकों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में बताया कि पंजाब नैशनल बैंक द्वारा एमएसएमई संबंधी ऋण सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत पीएनबी द्वारा एमएसएमई प्राइम प्लस, पीएनबी ग्रोथ प्लस, पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस, डिजी एमएसएमई ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीकर जिला एमएसएमई व्यवसाय के क्षेत्र में अग्रणी है तथा आप सभी पीएनबी की ऋण सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। राजेश भौमिक ने अपने उद्बोधन में बताया कि आप सभी पीएनबी की विभिन्न एमएसएमई ऋण सुविधाओं का लाभ डिजिटल माध्यम से भी उठा सकते हैं, इसके तहत भौतिक दस्तावेज़ प्रस्तुत किए बिना ही 25 लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी व्यावसायिक कंपनी के सभी कर्मचारियों के सैलरी खाते पीएनबी में खुलवाएं ताकि कर्मचारियों को इंश्योरेंस सुविधा भी मिल सकेगी, इसके लिए अलग से प्रीमियम देने की आवश्यकता नहीं होगी। एमसीसी प्रमुख प्रशांत वर्धन ने सभी ग्राहकों को संबोधित करते हुये बताया कि आप सभी अपनी ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए व बैंक से संबंधित वित्तीय समाधान के लिए बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर अपने कारोबार के लिए एमएसएमई ऋण उत्पादों व योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मंच संचालन शंकर लाल, मुख्य प्रबंधक ने किया तथा इस पर कृष्णा फोरव्हील्स के निदेशक रतन लाल बुरडक, आईटीआई कॉलेज, जयपुर रोड की प्रिंसिपल सुमन, मुख्य प्रबंधक राजू राम, मनीष कुमार व पंजाब नैशनल बैंक से अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

सम्मान समारोह आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। मोहिनी देवी गोयनका पीजी महिला महाविद्यालय, में तीज क्वीन कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गोयनका शिक्षा व शोध संस्थान की प्रबंध समिति सदस्य मीता गोयनका थी जबकि राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लक्ष्मणगढ़ के सेवानिवृत अध्यापक गोविंद राम जांगिड, धानुका महिला महाविद्यालय फतेहपुर की सहायक प्रोफेसर संतोष विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ.अर्चना शर्मा ने राजस्थान के लोक संस्कृति में परंपरागत लोक गायन, नृत्य, मेहंदी का अत्यंत महत्व बताते हुए तीज महोत्सव को महिलाओं के लिए सुहाग और श्रृंगार का प्रतीक बताया।

कार्यालय नगर परिषद फतेहपुर-शेखावाटी

क्रमांकः-न.प.फ./2025-26/5269 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक :- 17.07.2025

शरायत ठेका शहर में निजीभवनों/प्रतिष्ठानो/कार्यालयों/दुकानो/बैंको/बीमा कम्पनियों पर लगे विज्ञापन बोर्ड/लेखन का ठेका/ डिवाईडर स्थित खम्भों पर कियोस्क छोटे बोर्ड लगाने की (बोली) नीलामी सूचना।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद फतेहपुर द्वारा परिषद क्षेत्र में वितीय वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 31.03.2026 तक के लिये विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर शरायत ठेका शहर में निजी भवनों /प्रतिष्ठानो/कार्यालयों /दुकानो/बैंको/बीमा कम्पनियों पर लगे विज्ञापन बोर्ड/लेखन का ठेका/ डिवाईडर स्थित खम्भों पर कियोस्क छोटे बोर्ड लगाने की नीलामी हेतु दिनांक 05.08.2025 को दोपहर 01.30 बजे तक अमानत राशि जमा कराकर दोपहर 02.00 बजे से खुली बोली द्वारा नीलामी की जावेगी।

क्र.सं.	विवरण	अमानत राशि
1.	शरायत ठेका शहर में निजीभवनों/प्रतिष्ठानो/कार्यालयों/दुकानो/बैंको/बीमा कम्पनियों पर लगे विज्ञापन बोर्ड/लेखन का ठेका	15,000/-
2.	नगर परिषद, सीमा क्षेत्र में डिवाईडर स्थित खम्भों पर कियोस्क छोटे बोर्ड लगाने बाबत् (क) जयपुर बाईपास तिराहे से न.प. तक लग डिवाईडर पर स्थित पॉल (ख) गौरव पथ स्थित डिवाईडर पर लगे पॉल	20,000

शर्ते :-

1. बोलीदाता को अमानत स्वरूप अंकित राशि नगद/बैंकर चैक/डी.डी. द्वारा जमा कराना अनिवार्य होगा एवं जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र की प्रति देनी अनिवार्य होगी।
2. उच्चतम बोली स्वीकृति के तत्काल बाद 50 प्रतिशत राशि सफल बोलीदाता को उसी समय जमा करानी होगी अन्यथा अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी।
3. राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कोई कर लगाया जाता है तो लाईसेन्सी द्वारा वहन किया जावेगा जो कि शुल्क के साथ ही जमा कराना होगा। इसके अभाव में लाईसेन्स अमान्य होगा।
4. नीलामी सूचना राज्य सरकार की वेबसाईट SPPP-portal ULB site पर भी देखी जा सकती है।
5. अन्य शर्ते परिषद कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।
6. उक्त कार्य में निलामी बोलीदातां जी एस टी फर्म ही बोली लगाने के लिए मान्य होगी।
7. उपापन समिति सदस्य के हस्ताक्षर।

राज.संवाद/सी/25/6934 आयुक्त सभापति

भगवान शिव ही इस जगत के ईश्वर, सम्पूर्ण जगत के आधार : तिवाड़ी

चिड़ावा, (निसं)। भगवान शिव ही इस जगत के ईश्वर है। शिव ही सम्पूर्ण जगत के आधार है। शिव के द्वारा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं रूद्र के रूप में रचना पालन एवं संहार का कार्य किया जाता है।

उक्त प्रवचन वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाडी ने सेहिकलां के शिवालय मंदिर में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर प्रारंभ हुई शिव कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ से बोलते हुए शिव महात्यम पर कहे। तिवाडी ने इस अवसर पर श्रावन महीने के महात्यम पर भी प्रकाश डाला। कथा से पूर्व यजमान हजारीलाल शर्मा अशोक शर्मा ने आचार्य सियाराम शास्त्री की अगुवाई में शिवालय मे भगवान शिव एवं शिव पुराण का पूजन किया। कथा में सजाई गई भगवान शिव की सजीव झांकी व सुंदर भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कथा में होशियारीलाल शर्मा, डॉ. जगदीशप्रसाद शर्मा, नंदलाल स्वामी, संदीप शर्मा, बुद्धिधर कुलहरि, अंकित महरिया, राजेश देग, जितेंद्र जांगिड़, पूर्व सरपंच जगदीश बड़सरा, शीशराम गोस्वामी, बाबूलाल सेहीरामका, विष्णु झाझड़िया, संतोषसिंह शेखावत, मातूसिंह, अरुण शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे। शुक्रवार से 31 जुलाई गुरुवार तक आयोजित होने वाली भगवान भोलेनाथ की पवित्र कथा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक का रहेगा। संपूर्ण ग्राम की तरफ से आयोजित हो रहे ज्ञान, भक्ति व कर्म के आयोजन को लेकर ग्राम में उत्साह व भक्ति का माहौल है।

सेहीकलां में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ।

उत्तर पश्चिम रेलवे **ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक **13.08.2025** को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **निविदा संख्या** : 96 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, सिरसा के अधीन बीकानेर मंडल पर विभिन्न लोकेशनों पर बाउण्ड्री वॉल का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 13433365.47 **धरोहर राशि** : रू. 217200.00 **निविदा संख्या** : 97 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन कोसली में पाईप लाईन कार्य सहित 110 किलो लीटर क्षमता के ओवरहेड टेंक, महेन्द्रगढ़ में अण्डर ग्राउण्ड टेंक का प्रावधान करना, चरखीदादरी व कोसली में पार्क विकसित करना तथा महेन्द्रगढ़, भिवानी, चरखीदादरी व कोसली कॉलोनी में जिम का प्रावधान करना । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 6319458.43 **धरोहर राशि** : रू. 126400.00 **निविदा संख्या** : 98 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन कलानोर कलां एवं लाहली में पाईप लाईन सहित 110 किलो लीटर क्षमता के ओवरहेड टेंक, वॉटर शॉफ्टनिंग प्लाण्ट, अण्डर ग्राउण्ड टेंक व बोरवेल के प्रावधान का कार्य । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 7848316.06 **धरोहर राशि** : रू. 157000.00 **निविदा संख्या** : 99 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, सिरसा के नियंत्रण में मंडल इंजीनियर/पूर्व बीकानेर के क्षेत्राधिकार में वर्तमान में स्थित टीएमसी साईडिंग के विस्तार एवं आरजीएम से संबंधित सुविधाओं के साथ सिविल कार्य करना । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 68416299.62 **धरोहर राशि** : रू. 492100.00 **निविदा संख्या** : 100 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन सरूपसर- श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ (केनाल लूप लाईन)खण्ड पर ट्रेस पासिंग लोकेशन किमी. 59 / 3-4 पर 4.5 X 4.5M साईज के आरयूबी का निर्माण करना । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 56821056.80 **धरोहर राशि** : रू. 434100.00 **निविदा संख्या** : 101 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के नियंत्रण में मंडल इंजीनियर/पूर्व, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में रेवाड़ी - भिवानी, भिवानी - हिसार, हिसार - बठिण्डा एवं रेवाड़ी-सादुलपुर खण्ड पर थ्रु फिटिंग रिन्यूअल (टीएफआर) CGRSP - 143.629 TKm- GFN Liner - 9.72 Tkm, Metal Liner - 112.645 Tkm & ERC - 258.095 TKm का कार्य । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 25276659.40 **धरोहर राशि** : रू. 276400.00 **निविदा संख्या** : 102 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के नियंत्रण में वरि. मंडल इंजीनियर/पश्चिम, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में सूरतगढ़-लालगढ़, सूरतगढ़ - अनूपगढ़, लालगढ़ - फलौदी एवं बीकानेर- रतनगढ़ खण्ड पर थ्रु फिटिंग रिन्यूअल (टीएफआर) GFN Liner 39.085 Tkm. Metal Liner - 160.401 Tkm & ERC - 170.665 TKm का कार्य । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 18894398.55 **धरोहर राशि** : रू. 244500.00 **नोट** :- अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

906-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें